आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट

वर्ष :12 अंक : 258 पृष्ठ -4 दिनांक शनिवार 14 सितम्बर 2024

## योगी सरकार देगी स्वच्छता ही सेवा अवार्ड



प्रदेश की योगी सरकार हर साल की भांति इस बार भी महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान श्स्वच्छता ही सेवाश का आयोजन कर रही है. नगर विकास विभाग ने इस अभियान को चलाने के लिए अपनी कार्ययोजना बना ली है. इसके अंतर्गत योगी सरकार 2 अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में शानदार काम करने वाले सफाई मित्रों समेतअन्यलोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड,से सम्मनित करेगी.इस बार मिलने वाला यह अवार्ड कुल 9 श्रेणियों में दिया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी के साथ ही सहयोगियों और विशिष्ट पहलों को सम्मानित किया जाएगा. इस अवॉर्ड को पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति करेगी. आपको बता दें कि 15 दिनों तक चलने वाला यह अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा. इस स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सभी नगरीय निकायों में अलग अलग आयोजन होंगे. कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को इन सभी कार्यक्रमों के समापन पर शानदार काम करने वालों को राज्य और जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा.इन श्रेणियों में मिलेंगे अवार्डस्वच्छता ही सेवा 2024 अवार्ड्स के तहत कुल 9 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे. इन श्रेणियों में स्वच्छता की भागीदारी, स्वच्छता लक्षित इकाई - सीटीयू ट्रांसफॉर्मेशन, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट्स, एसबीएम कल्चर फेस्टिवल्स, एसबीएम वेस्ट टू आर्ट इंस्टॉलेशंस, पब्लिक एडवो. केसी, पार्टनर्स और स्पेशल इनीशिएटिव्स को शामिल किया गया है. इन श्रेणियों में पुरस्कार देने के लिए राज्य और जिले स्तर पर गठित ज्यूरी द्वारा अवार्डीज का चयन किया जाएगा.इसके अलावा हर एक वार्ड में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है, जो हर एक वार्ड में स्वच्छ घर के लिए सर्वेक्षण में भूमिका निभाएगी और हर वार्ड में सर्वश्रेष्ठ 3 घरों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करेगी. साथ ही हर एक वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा. इस पूरे अभियान में जनभागीदारी को भी सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें सीएम से लेकर जनसामान्य तक हिस्सा लेंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि ,अधिकारीगण विभिन्न स्थलों पर श्रमदान करेंगे।

# यूपी की सरकार ने 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को देखते हुए ये ट्रांसफर बेहद अहम

उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किए गए हैं. प्रदेश सरकार ने 29 आईएएस अधिकारियों के तबादला कर दिया है. प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को देखते हुए ये ट्रांसफर बेहद अहम माने जा रहे हैं. इसके तहत कई जिलों के जिलाधिकारियों को बदल दिया गया है. धर्मेंद्र प्रताप सिंह का तबादला शाहजहांपुर कर दिया गया है. वहीं बुलंदशहर के डीएम सीपी सिंह को लखनऊ का डीएम बनाया गया है. यूपी सरकार द्वारा जारी लिस्ट के मुताबिक जिन अधिकारियों का फेरबदल किया गया है उनमें प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र को वर्तमान पद के साथ राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. जबकि भानु चंद्र गोस्वामी को प्रभारी राहत आयुक्त और विशेष सचिव राजस्व की जिम्मेदारी दी गई है. डीएम मै. नपुरी अविनाश कृष्ण सिंह को प्रभारी महा. निदेशक प्राविधिक शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। जागृति अवस्थी को मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र और हिमांशु गुप्ता को मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर बनाया गया है.





### किसे कहां मिली तैनाती

इनके अलावा आईएएस नवीन कुमार जीएस को सचिव सिंचाई, विशाल भारद्वाज को डीएम कुशीनगर, उमेश मिश्रा को डीएम मुजफ्फरनगर, नवनीत सिंह चहल को जिलाधिकारी आजमगढ़, आईएएस रविंद्र सिंह को जिलाधिकारी फतेहपुर, आईएएस रवींद्र कुमार मंदर को डीएम प्रयागराज, अरविंद मलप्पा बांगरी को डीएम आगरा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह को डीएम शाहजहांपुर बनाया गया है.इनके अलावा आईएएस दिनेशचंद्र मैनपुरी के डीएम पद की जिम्मेदारी संभालेंगे, आईएएस अरविंद कुमार चौहान को डीएम शामली, घनश्याम मीना डीएम हमीरपुर, राहुल पांडेय डीएम हाथरस, निधि गुप्ता वत्स डीएम अमरोहा, अंजनी कुमार सिंह को डीएम मैनपुरी, ऋषि राज को नगर आयुक्त फिरोजाबाद,संजीवकुमार मौर्य को नगर आयुक्त बरेली, सौरवगंवार को नगर आयुक्त मेरठ,कृष्ण कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, जागृति अवस्थी को मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर बनाया गया है. आईएएस इंदुमती को विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास बनाया गया है. उमेश प्रताप सिंह विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, राजेश कुमार त्यागी को विशेष सचिव पंचायती राज, आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, अमित पाल को उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण और मन्नान अख़्तर को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा निदेशक बनाया गया है.

#### डोडा में विपक्षियों पर बरसे PM

## एक तरफ तीन खानदान, दूसरी ओर युवा, ये चुनाव J&K का भाग्य तय करेगा



पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर का इस बार काविधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। ये तीन खानदान...एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है और एक खानदान पीडीपी का है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू-कश्मीर के डोडा में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं।तीन खानदानों ने मिलकर जम्मू-कश्मीर को बर्बाद किया: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि यहां पंचायत के चुनाव 2000 के बाद नहीं हुए थे, यहां बीडीसी केचुनाव कभी भी नहीं हुए थे।दंशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों और होनहार नौजवानों को आगे नहीं आने दिया।परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति मेंआए।2014 में सरकार में आने के बाद मैंने जम्मू-कश्मीर नौजवानों की नई लीडरशीप को आगे लाने काप्रयास किया है।फिर 2018 में यहांपंचायत के चुनाव कराए गए, 2019 में बीडीसीके चुनाव हुए और2020 में पहलीबारडीडीसी केचुनाव कराए गए।ये चुनाव सलिए कराए गए ताकि?जम्मूकश्मीर में डेमोक्रेसी ग्रासरूट तक पहुंचे।

पीएम मोदी ने कहा, श्आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन राजनी. तिक दलों ने सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पीसते रहेपरिवारवाद को आगे बढ़ाने वालीपार्टियांआपको गुमराह करके मौज काटती रही। इन लोगों ने जम्मू कश्मीर में नए नेतृत्व को कभी उभरने ही नहीं दिया।

जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला चुनाव पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा,इस बार जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने बच्चों को आगेबढ़ाया।यह मोदी की गारंटी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि एक सुरक्षित जम्मू कश्मीर का निर्माण करेंगे। यह चुनाव जम्मू कश्मीर का भाग्य तय करेगा। पीएम ने कहा कि मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला आपके और देश के लिए दोगुनी और तिगुनी मेहनत से चुकाऊंगा।

#### बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने स्वलिखित बुकलेट में 29 साल पुराने मामले का जिक्र




बीएसपी प्रमुख मायावती ने गेस्ट हाउस कांड का राग एक बार फिर से छेड़ दिया

बहुजन । समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने स्वलिखित बुकलेट में 29 साल पुराने मामले का जिक्र कर यूपी की मौजूदा सियासी स्थिति को अपनी ओर मोड़ने की कोशिश की है. साल 2019 में जब बसपा और समा. जवादी पार्टी के बीच अलायंस हुआ था तब कहा गया था कि मायावती पुरानी बातों को भुलाकर सियासत की नई राह पर आगे बढ़ गई हैं. हालांकि सपा संग अलायंस टूटने और अखिलेश यादव पर तीखे सियासी हमले करने के बीच मायावती की नई रणनीति ने सपा को हैरान कर दिया है.

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने फिर से बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जिम्मा संभाला. बसपा ने इसके बाद एक बुकलेट का विमोचन भी किया जिसे खुद पार्टी चीफ ने लिखा था. इस बुकलेट में गेस्ट हाउस कांड का जिक्र किया गया है. गेस्ट हाउस कांड आज से 29 साल पुराना मामला है. बसपा चीफ ने बुकलेट में लिखा है- भाजपा व कांग्रेस के हिन्दुत्ववाद के विरुद्ध उत्तर प्रदेश में सन् 1993 में सपा-बसपा की गठबंधन सरकार बनने के बावजूद दलितों व महिलाओं पर हर स्तर का शोषण, उत्पीड़न व जुल्म-ज्यादती आदि जारी रहने के परिणामस्वरूप ही बी.एस.पी. को मुलायम सिंह यादव सरकार से समर्थन वापस लेकर सरकार की कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी थी, जिसके खिलाफ तब इन्होंने मेरी हत्या कराने तक का अति-घिनौना प्रयास किया, जो दिनांक 2 जून सन् 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस काण्ड॰ से जाना जाता है और लोगों के दिल-दिमाग पर वह आज तक छाया हुआ है. बसपा चीफ ने इस मामले को एक बार फिर उठाकर छिटकते मतदाताओं को एक डोर में बांधने की कोशिश की है. दरअसल, जून 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के संदर्भ में यह दावा किया जा रहा है कि बसपा का वोटबैंक सपा और कांग्रेस के इंडिया अलायंस की ओर शिफ्ट हो रहा है. ऐसे में अपने वोटबैंक को फिर से सहेजने के लिए बसपा चीफ गेस्टहाउस कांड की याद दिला रही हैं ताकि मतदाताओं में यह संदेश जा सके कि सपा और कांग्रेस के साथ उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है.बसपा चीफ की पूरी को. शिश है कि आगामी उपचुनाव और साल 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए अपने मतदाताओं को फिर से सहेज लें इस संदर्भ में बसपा यूपी चीफ विश्वनाथ पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ वोट धोखे से सपा और कांग्रेस के इंडिया अलायंस की ओर चला गया. चुनाव में उन्होंने संविधान को लेकर जो वादे किए थे लोग उसके धोखे में कुछ लोग आ गए. लेकिन उससे कुछ होना नहीं है.बुकलेट में गेस्ट हाउस कांड का जिक्र करने पर विश्वनाथ पाल ने कहा कि बहन जी ने जो किताब लिखी तो उसमें सभी बातों का जिक्र हुआ है. 1978 में बामसेफ, 1981 में डीएस4 और 1984 में बसपा बनी. किताब में हर चीज का जिक्र होता है. ऐसा नहीं होता कि जिस दिन या समय में किताब लिखी जा रही हो सिर्फ उसी का जिक्र हो.

## मौसम की स्थिति

उत्तर प्रदेश में कल सुबह का तापमान 26C है।हवा, नमी और अन्य मौसम की स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए तापमान 28C जैसा महसूस हो सकता हैं।उत्तर प्रदेश में सुबह बारिश की संभावना 0: है, और हवा की गति 11km/h रहेगी।

**दोपहर**: उत्तर प्रदेश में कल दोपहर के समय आंशिक तौर पर बादल छाएंगे

## गाजियाबाद में जूस में पेशाब मिलाकर बेच रहा था शख्स, रंगे हाथों पकड़ा

### गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई .



गाजियाबाद के इंदिरापुरी इलाके में एक जूस की दुकान पर जूस के नाम पर लोगों को मानव मूत्र पिलाने का मामला सामने आया है. इस घटना का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय लोगों ने जूस में अजीब स्वाद महसूस किया और विरोध जताया. स्थानीय लोगों ने दुकान के संचालक को रंगे हाथ पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई की.जूस की दुकान में रखी एक बॉटल मानव मूत्र भी प्राप्त हुआ. स्थानीय लोगों ने इसकी वीडियो बनाई और पुलिस को सूचना दी. गुस्साए लोगों ने इन युवकों की जमकर पिटाई भी की गई. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान के संचालक सहित दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. पुलिस ने दुकान से 1 लीटर मानव मूत्र भी बरामद किया है. जूस का सैंपल और मानव मूत्र का भी जांच के लिए भेजा जा रहा है.जूस में पेशाब मिलाकर लोगों को पिलाया । एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पर सूचना प्राप्त हुई कि दुकान खुशी जूस कॉर्नर के संचालकों की तरफ से जूस में मानव मूत्र मिलाया जाता है. पुलिस की तरफ से तत्काल मौके पर पहुंचकर छानबीन की गई तो दुकान से एक कैन से करीब एक लीटर मानव मूत्र प्राप्त हुआ. दुकानदारों से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया. पुलिस की तरफ से तत्काल आमिर और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया गया है. अभियोग पंजीकृत किया गया है. अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है.गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में खुशी जूस कॉर्नर पर जूस में मानव मूत्र मिलाकर लोगों को पिलाया जा रहा था. इसकी जानकारी तब लगी जब लोगों को जूस में कुछ अलग ही स्वाद लगा, तो लोगों ने इसका विरोध किया. इस दौरान लोगों को दुकान से एक लीटर मानव मूत्र प्राप्त हुआ, जिससे लोगों में गुस्सा भर गया और दुकानदारों को रंगे हाथों पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई.

# यूपी के राजस्व विभाग में 11000 पदों पर जल्द होगी भर्ती

## सीएम योगी ने बहाली प्रक्रिया को लेकर दिया ये निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ–साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं. शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए. नव. ीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आई.टी. में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए.उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है. आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों सेलेकरपैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए. उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बंदोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बंदोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई.



ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए. इसी लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को मिलेगा वाहन भत्तामुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है. ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए. इसी तरह नायबतहस. ीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए. साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं.मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे. राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए. मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी.

### इंदौर के पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने किराएदार, नौकर आदि रखने को लेकर संबंधित थाने में सूचना देने के संबंध में



**इंदौरं ।** कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता की ओर से किराएदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारी, छात्रावास के विद्यार्थियों, होटल, धर्मशाला में ठहरने वाले लोगों की सूचना संबंधित थाने पर दी जाना आवश्यक है. इस संबंध में उनके द्वारा लिखित आदेश जारी कर दिया गया है. इस मामले में आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत एक पक्षीय कार्रवाई होगी. इस पूरे मामले में पुलिस दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी भी करेगी. इन सभी पर लागू होगा नियम प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार, जो व्यक्ति 15 दिवस से अधिक समय तक निवास कर रहे हैं उनके संबंध में यह नियम लागू होगा. इसके अलावा प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के गार्ड, स्पा सेंटर, मसाज सेंटर, ब्यूटी पार्लर, भवन निर्माण में लगे चौ. कीदार, मजदूर, होटल, धर्मशाला में रुकने वाले लोगों पर भी यह लागू होगा. डिब्बे में पेट्रोल–डीजल देने पर होगी कार्रवाई पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता द्वारा जारी किए गए आदेश को इंदौर कले. क्टर आशीष सिंह ने सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से सभी के संज्ञान में ला दिया है. कलेक्टर ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात सामने आ रही थी कि इंदौर शहर में कई पेट्रोल पंप संचालक डिब्बे में पेट्रोल दे रहे हैं.यह नियम विरुद्ध है. इस संबंध में आदेश का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि इससे पहले फरवरी माह में राकेश गुप्ता ने इंदौर पुलिस कमिश्नर का पदभार ग्रहण करते हुए कहा था वे इंदौरवासियों को सुरक्षा का माहौल देंगे. पुलिस की सक्षमता बढ़ाएंगे ताकि अपराध कम हो.

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ो बच्चों का भविष्य भगवान भरोसे

अनाथ बच्चों की बेहतर देखभाल हो और उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके, इस उद्देश्य से धनबाद जिले में एकमात्र आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई है. इसको लेकर सरकारी स्तर पर तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं, लेकिन आवासीय विद्यालय में जब ने जायजा लिया तोयहां अध्ययनरत बच्चे स्कूल में कैद मिले. स्कूल के मुख्य और पीछे के गेट पर ताला लगा था. बच्चे अंदर चहलकदमी करते नजर आए. स्कूल का नजारा देखकर तो हर कोई यही कहेगा मानो यह अनाथ बच्चों का आवासीय विद्यालय नहीं बल्कि बच्चों का जेल हो. कैद की बात इसलिए कह रहे हैं क्योंकि स्कूल के अंदर बच्चों को छोड़कर अन्य कोई भी मौजूद नही था. बच्चों से पूछने पर पता चला कि गार्ड ताला लगाकर किसी काम गया है. 100 से ज्यादा बच्चे आवासीय विद्यालय में करते हैं पढ़ाईधनबाद जिले में स्थित हीरापुर अभया सुंदरी बालिक विद्यालय के कैंपस में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र



नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय है. इस आवासीय विद्यालय में एक सौ से अधिक अनाथ बच्चे यहां रहकर पढ़ाई करते हैं. शाम चार बजे के करीब जब स्कूल की पड़ताल की तो पाया गया कि मुख्य गेट हीरापुर अभया सुंदरी बालिक विद्यालय के कैंपस में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय है. हीरापुर अभया सुंदरी बालिक विद्यालय के कैंपस में स्थित ने. ताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय है. इस आवासीय विद्यालय में एक सौ से अधिक अनाथ बच्चे यहां रहकर पढ़ाई करते हैं. शाम चार बजे के करीब जब स्कूल की पड़ताल की तो पाया गया कि मुख्य गेट पर ताला लगा था. बच्चों से पूछने पर बताया गया कि स्कूल के अंदर कोई नही है.ताला लगा था. बच्चों से पूछने पर बताया गया कि स्कूल के अंदर कोई नही है. गार्ड ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया हैं. हालांकि बच्चों ने यह भी कहा कि गेट पर लगे ताले की चाबी गार्ड यहीं रखकर गया हैं. जिले के टुंडी के रहने वाले दसवीं कक्षा के एक छात्र ने बताया कि स्कूल में दसवीं तक पढ़ाई होती है. वहीं आवासीय विद्यालय की विस्तृत जानकारी लेने के लिए शिक्षा विभाग से जानकारी लेने की कोशिश की गई. लेकिन जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी ने इस मामले पर बात करने से इनकार कर दिया और मौखिक जानकारी देने के लिए एडीपीओ विजय कुमार को अधिकृत कर दिया.। एडीपीओ विजय कुमार ने बताया कि यह सरकारी आवासीय विद्यालय है. समग्र शिक्षा अभियान के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय संच. ालित है.यहां एक स्थाई और चार प्रतिनियुक्त शिक्षक हैं. इसके अलावा एक रसोइया,एक लेखपाल और एक गार्ड की भी नियुक्ति आवासीय विद्यालय में की गई हैं.पहली कक्षा से दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई यहां होती है. इस पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी. जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.जब बालसंरक्षण आयोग केसदस्य उज्जवल तिवारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि रांची पहुंचने के बाद एक टीम गठित की जाएगी. डीसीपीयू,सीडब्ल्यूसी और शिक्षा विभाग के अधिकारी टीम में रहेंगे. इस मामले की जांच कराई जाएगी

## उन्नाव में बेखौफ बदमाशो ने पुलिस को खुलेआम चुनौती

**हथियारों के बल पर एक घर में घुसकर नकाबपोश बनमाशो ने लोगों को बंधक बना कर डकैती की वारदात को अंजाम दिया**



**उन्नाव** में नकाबपोश बदमाशो ने हथियारों के बल पर एक घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया. बदमाशों ने परिवार वालों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की. पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ लिया है.हथियारों के बल पर एक घर में घुसकर नकाबपोश बनमाशो ने लोगों को बंधक बना कर डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया. डकैती की घटना के अंजाम देने के बाद घर में मौजूद सभी लोगों से मारपीट की और सभी को रस्सी से बांधकर मौके से फरार हो गए. घर में मौजूद लोगों के शोर मचाने पर आस– पड़ोस के लोग जमा हो गए. ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए दो बदमाशो को पकड़ लिया. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बदमाशों को पकड़कर जांच पड़ताल में जुट गई है.

घटना बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की है जहां उन्नाव हरदोई रोड निवासी छुन्ना गुप्ता ने बिल्हौर मार्ग स्थिति ग्राम पंचू पुरवा में सड़क किनारे जमीन लेकर वहां मार्केट व मकान बनवाया था.  दुकानों में उनका हार्डवेयर का व्यवसाय चलता है. जहाँ उनका पुत्र प्रियांशु अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है. देर शाम करीब 9 बजे उनके घर की औरतें लाइट न आने के कारण बच्चों और मोहल्ले के व्यक्ति सूरज के साथ बाहर बैठी हुई थी. तभी बाइक सवार करीब 7 नकाब पोश बदमाश वहां पहुँचे और सभी को असलहो के बल पर धमकाते हुए घर के अंदर ले गए और उनके साथ जमकर मारपीट की. बदमाशों ने लाखों रुपये का माल उड़ाया बताया गया कि, नक. ाबपोश बदमाशो ने महिला पूनम गुप्ता से हथियार के दम पर अलमारी की चाबी ली और अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर व लगभग दो लाख रूपये की नगदी अपने बैग में भर लिया. इसके बाद बदमाशों ने पूनम का मंगल सूत्र जबरन छीनकर तोड़ दिया और नाक कान के जेवर भी बदमाशो ने छीन लिया. पूनम गुप्ता ने बताया कि नकाबपोश बदमाश उसके बच्चे को भी उठा कर अपने साथ ले जा रहे थे, काफी मान मनौव्वल के बाद वो उसके बच्चे को छोड़कर गए.घर में मौजूद सब जेवरात और नगदी अपने साथ ले गए. जाने से पहले नकाबपोश बदमाशो ने सभी को कपड़ों और साड़ी से पेड़ कुर्सी में बांध दिया. मौका पाकर सभी वहां से फरार हो गए.

बताया गया कि, सभी के बदमाशों के भागने पर पूनम और उनके बच्चो के साथ ही सूरज ने शोर मचाना शुरू कर दिया. जिसके बाद पास के घर के लोग और राहगीर पहुंचे. लोगों को पता चला कि नकाब पोश बदमाश बलदेव पुरवा मार्ग से गए हुए हैं. तो गांव वाले शोर मचाते हुए उधर की ओर भागे, जहाँ ग्राम डहन के निकट दो बदमाशों को आगे के गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने पकड़ लिया. इसी बीच घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गई.पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ापुलिस ने दोनो बदमाशो के पास एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है जबकि एक अन्य मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है.डकैती की घटना से जनपद ही नही राजधानी तक हड़कंप मच गया. अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के साथ ही सीओ, एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई है. घटना से संबंधित जानकारी को लेकर पुलिस दोनो बदमाशों से पूछताछ कर रही है

## बिहार की केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जमकर की तारीफ, उद्यमियों से निवेश की अपील

**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश और बेहतर कानून व्यवस्था के कारण बिहार का विकास हो रहा है**

नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जताया भरोसापीयूष गोयल कहा कि बीजेपी समर्थित नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने उद्योग जगत के लिए बिहार की अपार संभावनाओं को खोला है और भरोसा जताया कि मुंबई के निवेशक राज्य में निवेश करना पसंद करेंगे. भारत के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में युवा आबादी सहित कई फायदे हैं.उद्योग के साथ गुणवत्ता पर बोले मंत्री पीयूष गोयल एनडीए सरकार की तारीफ करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में ही एक महत्वपूर्ण पहल लागू की गई. इन सौ दिनों में कई अन्य उपलब्धियां भी हासिल की गईं. हमने उद्योग के साथ गुणवत्ता के महत्व के साथ–साथ जैविक और प्राकृतिक खेती पर भी चर्चा की. हमने विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे आपसी मान्यता समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में भी बात की, जिसमें भारत के गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाने के लिए परीक्षण सुविधाएं शामिल हैं. इससे भारतीय उत्पादों की वै. श्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी. आगे उन्होंने कहा कि हम इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि भारत में उन्नत परीक्षण सुविधाएं कैसे स्थापित की जाएं. बड़ी प्रदर्शनियों, सम्मेलनों और संगोष्ठियों के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि अपने देश के अनूठे उत्पादों और सेवाओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित की जाए जिससे देश आगे बढ़े.

### दक्षिण पश्चिम मानसून अंतिम चरण में 17 सितंबर से पश्चिमी राजस्थान से मॉनसून की वापसी शुरू होती है



मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के सभी जिलों में वर्षा होने का अनुमान है तो वहीं आज सुबह से राजधानी पटना सहित राज्य के 20 जिलों में वर्षा के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है. इनमें राजधानी पटना के अलावा सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वै. शाली, अरवल, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा और बांका शामिल है. इन जिलों में सुबह 6रू57 से 9रू57 के बीच वर्षा होने की चेतावनी दी गई है. वहीं, इनमें 6 जिले नवादा, जमुई, बांका, मुंगेर, शेखपुरा और लखीसराय में भारी वर्षा के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है. इन जिलों में मूसलाधार बा. रिश हो सकती है.इलाकों में हुई थी हल्की बारिश हालांकि बीते शुक्रवार को राज्य में मानसून काफी सक्रिय नहीं रहा. गुरुवार की शाम से पूर्वी इलाके में मानसून की सक्रियता देखने को मिली थी. गुरुवार को 12:00 बजे दिन के पहले जो वर्षा हुई उनमें सबसे अधिक बेगूसराय में 66.2 मिलीमीटर के साथ भारी वर्षा हुई जबकि सीवान 45.6, गया 38, औरंगाबाद 31.6, समस्तीपुर 31.4, भभुआ 25.8 मिलीमीटर के साथ मध्यम स्तर की वर्षा हुई जबकि वैशाली 14.2, मुजफ्फरपुर 11.2, गोपालगंज 11.2, बक्सर 10.4 मिलीमीटर के साथ हल्की वर्षा दर्ज की गई, लेकिन गुरुवार की शाम से मानसून धीरे–धीरे बढ़ने लगा और पूर्वी इलाके में कई जिलों में वर्षा हुई. इनमें जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद में देर शाम तक हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई.

फारबिसगंज में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज को राज्य के तापमान में विशेष बदलाव नहीं देखे गए. हालांकि कुछ गिरावट देखने को मिली. राजधानी पटना में 1.9 डिग्री की गिरावट के साथ 34 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. सबसे अधिक तापमान फारबिसगंज में  37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि राज्य का औसत तापमान 34 डिग्री के करीब रहा. आज शनिवार को राज्य के तापमान में काफी गिरावट देखने को मिल सकती है. साथ ही उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी.।

### दीदी के नाते आई हूं, जूनियर डॉक्टर्स को मनाने पहुंचीं CM ममता बैनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार  दोपहर को अचानक साल्टलेक में जूनियर डॉक्टरों के धरना स्थल पर पहुंच गईं. इस दौरान सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं आपसे मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि आपकी श्दीदीश के तौर पर मिलने आई हूं. जो उत्तर प्रदेश में कार्रवाई हुई, मैं ऐसा नहीं करूंगी. मैं आपसे अपील करती हूं कि उन्हें अपनी समस्याओं को हल करने और काम पर वापस लौटने के लिए कुछ समय दें.जूनियर डॉक्टर्स बीते महीने से आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या मामले में न्याय की मांग में आंदोलन कर रहे हैं. इससे पहले  लाइव प्रसारण की जिद की वजह से ममता के साथ आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रतिनिधिमंडल की बैठक नहीं हो सकी थी.उन्होंने कहा कि जब सीपीआईएम सत्ता में थी, तब मैंने 26 दिनों तक भूख हड़ताल की थी.

# आर्मी ऑफिसर बताकर कई लड़कियों का किया उत्पीड़न ,अलीगढ़ से गिरफ्तार

## गुजरात पुलिस ने अलीगढ़ के रहने वाले एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया

गुजरात पुलिस ने अलीगढ़ के रहने वाले एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो अपने नाम को बदलने के बाद दर्जनों लड़कियों को प्रेमजाल में फंसा कर उनका उत्पीड़न कर चुका है. युवक हिंदू नाम का प्रयोग करते हुए खुद को सेना का बड़ा अधिकारी बताया करता था. युवक की नजर उन महिलाओं पर रहती थी जो मल्टी कंपनियों में बड़ी–बड़ी पोस्ट पर आसीन है. युवक अलग–अलग ऐप के माध्यम से लड़कियों को अपने जाल में फंसाने के बाद उनसे पैसे ऐंठने का काम करता था. आरोपी द्वारा अबतक एक दर्जन से ज्यादा लड़कियों से धर्म बदलकर विवाह करने की बात सामने आई है. युवक की पोल तब खुली जब उसने ट्रेन से एक बैग चोरी किया. इसके बाद युवक की कलई खुलती गई.युवक के उन फर्जी दस्तावेजों का खुलासा हो गया जिनका वह बीते दिनों से लगातार प्रयोग करता नजर आ रहा था. गुजरात पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की शिनाख्त की और उसके बाद उसे गिरफ्तार किया. युवक ने अपना नाम बदलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक में खाता भी खुलवाया था. आरोपी ने इन बैंक खातों की माध्यम से अलग–अलग जगह लेनदेने किएरेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन रुकी थी. इस ट्रेन से एक परिवार अपना सामान उतर रहा था. कई बैग बाहर निकालते समय उनके साथ एक अन्य बैग और गिर गया. उस परिवार ने वह बैग उनका न होने पर उसे उसी बोगी में रख दिया. इस दौरान मौका पाते ही उसी ट्रेन में सवार अलीगढ़ शहर के निवासी मोहम्मद शहबाज ने उस बैग को चुरा लिया और आरोपी मौके से फरार हो गया. जब बैग के मालिक ने बैग को तलाशा तो बैग का कहीं पता नहीं चला. जिस व्यक्ति ने पूरे मामले की जानकारी रेलवे पुलिस को दी. पुलिस ने जब इस मामले की जांच पड़ताल शुरू की तो बैग चोरी करने वाला आरोपी सीसीटीवी फुटेज में मिल गया. टिकट रिजर्वेशन व सीसीटीवी खंगाले गए तो उस युवक की पहचान सीट के माध्यम से हो गई. मोबाइल नंबर से मिली लोकेशन को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई. अहमदाबाद पुलिस निरीक्षक ने बताया इसी के आधार पर आरोपी के टिकट पर उसका नाम हर्षित चौधरी निकल कर आया. रिजर्वेशन चार्ट में पड़े मोबाइल नंबर से आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली. इस पर गुजरात पुलिस को आरोपी ने खुद को हर्षित चौधरी भरतपुर राजस्थान का रहने वाला बताया और बड़ा सेना का अधिकारी होने का दावा किया.पूछताछ में आरोपी ने उगले कई राज जब पुलिस के द्वारा कड़ी पूछताछ की और युवक के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन किया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया. युवक के द्वारा बनाए गए सारे कागजों का पुलिस के द्वारा पर्दाफाश करते हुए सभी कार्यों को फर्जी घोषित कर दिया. जब युवक से असली नाम पूछा गया तो उसने अलीगढ़ के कंप्यूटर सेंटर पर फर्जी कार्डों को बनवाने की बात को स्वीकार की.आरोपी ने पुलिस को अपना नाम मोहम्मद शहबाज निवासी जमालपुर थाना सिविल लाइन अलीगढ़ बताया है.पूरे मामले पर जानकारी देते हुए थाना अहमदाबाद पुलिस प्रभारी ने बताया की जांच



पड़ताल में सामने आया कि मोहम्मद शाहबाज 2015 में सेना की 8 राजरिफ दिल्ली यूनिट में भर्ती हुआ था, लेकिन पहले जम्मू कश्मीर और फिर बाद में नॉर्थ सिलीगुड़ी में पोस्टिंग के दौरान अनुशासनात्मक करने पर युवक पर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए सेना के अधिकारियों ने इसको जून 2024 में बर्खास्त कर दिया था.पुलिस कर रही मामले की जांचजब पुलिस के द्वारा गहन जांच पड़ताल की गई तो पता चला आरोपी शहबाज के पिता मुश्ताक अली खान सेना से रिटायर्ड हैं. साथ ही शाहबाज का एक भाई भी भारतीय वायुसेना में है. उसका एक अन्य भाई अभी पढ़ाई कर रहा है. आरोपित शहबाज को न्यायिक हिरासत में रखा गया है. पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है. आखिर आरोपी के द्वारा सेना के प्रपत्रों को कहां–कहां उसे प्रयोग किया और किस तरीके का उसके द्वारा लाभ उठाया है इसको लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है.

जब गुजरात पुलिस ने वंदेभारत ट्रेन में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किया तो उसकी सारी पोल खुल गई। वह ड्यूटी की बात कहकर घर से निकलता था और चोरियां करता था। अब झारखंड की युवती ने भी उसके खिलाफ झूठ बोलकर शादी करने और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि शहबाज को पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### लव जिहाद एवं धर्मांतरण की सूचना पाकर अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे पुलिस अधीक्षक देहात से मिले

अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को लव जिहाद एवं धर्मांतरण की सूचना मिलने पर वह अपनी टीम के साथ पीड़िता को लेकर पुलिस अधीक्षक देहात अमृत जैन से मिले और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की पीड़िता इगलास क्षेत्र की रहने वाली है तथा सलमान नामक एक मुस्लिम युवक का आना जाना पीड़िता के पड़ोस में था वहीं से आरोपी सलमान ने किसी तरह पीड़िता का नंबर प्राप्त कर मोबाइल पर समीर बन कर उससे दोस्ती कर ली और पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा पीड़िता को भगाकर दिल्ली ले गया जहां एक हफ्ते तक उसने पीड़िता का शोषण किया और आर्य समाज मंदिर में फर्जी हिंदू बनकर और अपने फर्जी हिंदू दस्तावेज देकरपीड़िता से विवाह कर लिया तथा जब पीड़िता को आरोपी के मुस्लिम होने का पता चला तो उसने अपना विरोध दिखाना शुरू कर दिया जिसकी वजह से उसने पीड़िता के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और धर्मांतरण का दवाब बनाने लगा तथा जगह बदल बदल कर दिल्ली में एक हफ्ते तक रहा पीड़िता द्वारा अपने परिजनों को सूचना देने पर परिजन पुलिस के साथ दिल्ली से पीड़िता को अलीगढ़ ले आए यहां पर भी आरोपी लगातार पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देता था तथा पीड़िता के अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देता था आज हम पीड़िता को लेकर पुलिस अधीक्षक देहात से मिले हैं और हमने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, जिलाध्यक्ष युवा शक्ति गुल्लेश तोमर,महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, जिलाध्यक्ष संजय चौधरी, हरिकृष्णमुरारी शर्मा,विकास दीक्षित, जगमोहन मालवीय, हरिमोहन सिंह, अजय चौहान, राजेश वशिष्ठ आदि करणी सैनिक उपस्थित थे

### गुणवत्तायुक्त बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि के लिए रसायनों पर लगा प्रतिबन्ध

अलीगढ़ जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल ने बासमती धान की फसल पर छिड़काव करने वाले रसायनों के लिए सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के सबंध में बताया है कि 10 निर्धारित कीटनाशकों का विक्रय, वितरण और प्रयोग जोकि बासमती चावल उत्पादकों के हित में नहीं है।पीपीओ जायसवाल ने बताया है कि अनुसूची में दिए गए 10 कृषि रक्षा रसायनों के प्रयोग के कारण चावल के दानों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिकतम अवशेष स्तर से अधिक कीटनाशक अवशेषों का जोखिम है। इसके साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ ने उत्तर प्रदेश राज्य में, बासमती चावल में कीटों और रोगों को नियंत्रित करने के लिए कृषि रक्षा रसायनों के विकल्प के रूप में एकीकृत रोग प्रबन्धन मॉड्यूल की संस्तुति भी की है। कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा श्कीटनाशकों विशेषकर ट्राईसाइक्लाजोल और बुप्रोफे. जिन के सुरक्षित और न्यायोचित प्रयोग के लिए एसओपी जारी की गई है, जिसमें वैकल्पिक कीटनाशकों के प्रयोग की संस्तुति की गयी है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), भारत सरकार ने भी सूचित किया है कि यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और खाड़ी देश जैसे आयातक देशों में कीटनाशकों के अधिकतम अवशेष स्तर के कड़े मानकों के कारण बासमती चावल के निर्यात को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया है कि वर्ष 2020–21 की तुलना में वर्ष 2021–22 में बासमती चावल के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। एपीड़ा ने उत्तर प्रदेश की विरासत बासमती उपज को बचाने और अन्य देशों को बासमती चावल के बाधा मुक्त निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए इन कीटनाशकों पर पाबंदी लगाने का अनुरोध किया है, और, चूंकि, पूर्वोक्त कीटनाशक बासमती चावल के निर्यात और खपत में संभावित बाधा है और चूंकि, पूर्वोक्त कीटनाशकों के विकल्प जिनका अवशेष प्रभाव कम है, बाजार में उपलब्ध है और चूंकि, उपर्युक्त के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य के तीस बासमती उत्पादक जिलों में बासमती धान की फसल पर दस कीटनाशकों के विक्रय, वितरण एवं प्रयोग पर प्रतिषेध लगाना अनिवार्य हो गया है, क्योंकि ये कीटनाशक बासमती चावल के निर्यात और खपत में सम्भावित बाधा है, इसलिए अब, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (अधिनियम संख्या 46 सन् 1968) की धारा 27 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त अन्य समस्त समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से साठ दिनों की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के तीस जिलों यथा आगरा, अलीगढ़, औरैया, बागपत, बरेली, जिनौर, बदायूँ, बुलन्दशहर, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, इटावा, गौतमबुद्ध नगर गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, मथुरा, मैनपुरी, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, शामली, पीलीभीत, रामपुर सहारनपुर, शाहजहांपुर और सम्भल में, बासमती चावल में 10 कीटनाशकों के सभी प्रकार के फार्मूलेशन की बिक्री, वितरण और प्रयोग को प्रतिषिद्ध करते हैं, ताकि गुणवत्तायुक्त बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि की जा सके।

## फसल बीमा कराने वाले किसान नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दें



अलीगढ़ उप कृषि निदेशक कृषि यशराज सिंह ने बताया है कि जिले में हो रही वर्षा के कारण खरीफ की विभिन्न फसलों में हानि और उपज में कमी होने की संभावना है।उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की है कि जिन किसानों द्वारा वर्ष 2024–25 में खरीफ की अधिसूचित फसलों धान, बाजरा, मक्का व अरहर का बीमा कराया गया है। वह किसान अपनी फसल में हुये नुकसान की सूचना लिखित रूप से जिले की बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि या कृषि विभाग के विकास खण्ड, तहसील एवं जिला स्तरीय किसी भी कार्यालय में तत्काल 72 घटें के भीतर उपलब्ध करा दें।उन्होंने कहा कि फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर फोन करके भी किसान अपनी फसल के नुकसान की सूचना दे सकते हैं, कृषि विभाग के कार्यालय में या टोल फ्री नम्बर पर सूचना देने के पश्चात फसल बीमा कम्पनी द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर वास्तविक नुकसान क्षति का आंकलन कराते हुये क्षतिपूर्ति की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## एडीएम सिटी ने महानगर मे धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू की

अलीगढ महानगर में दिनांक 16.9.2024 को ईद–ए–मिलाद बारावफात, दिनांक 17.09.2024 विश्वकर्मा पूजा, दिनांक 02.10.2024 को महात्मा गांधी जयन्ती, दिनांक 03.10.2024 को महाराजा अग्रसेन जयन्ती, दिनांक 11.10.2024 को दशहरा महा नवमी विजय दशमी दिनांक 30.10.2024 नरक चतुर्दशी दिनांक 31.10.2024 अथवा 01.11.2024 एवं दिनांक 02.11. 2024 को दीपावली एवं गोर्वधन पूजा दिनांक 03.11.2024 को भैयादूज त्यौहार तथा विभिन्न मा० आयोग द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व अलीगढ़ जनपद की शान्ति–व्यवस्था भंग करने की कुचेष्टा कर सकते हैं, जिससे अलीगढ़ महानगर की शान्ति एवं कानून–व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर अलीगढ़ में शान्ति एवं कानून–व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये धारा–163 (4) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किया जाना आवश्यक है। यद्यपि अलीगढ़ महानगर में कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति वर्तमान में पूर्ण नियन्त्रण में है, फिर भी इस दिशा में विशेष सावधानी बरतने, सुरक्षा के सुमचित प्रबन्ध किये जाने की आवश्यकता है।

उपरोक्त परिस्थितियों में, मेरा यह समाधान हो गया है कि अलीगढ़ महानगर में शान्ति–व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से उपरोक्त अवसरों पर अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों एवं कुप्रयासों पर तत्काल रोक लगाया जाना आवश्यक है।

अतः मैं, अमित कुमार भट्ट, अपर जिला मजिस्ट्रेट, नगर, अलीगढ़, महानगर अलीगढ़ में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 (2) के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित आदेश पारित करता हूँ कि

1– बैंक्यूट हाल, मैंरिज होम स्वामी पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करने देंगे और यदि उनकी बात नहीं मानी जाती है तो वह 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित करेंगे।

2– कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा और झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा और ना करायेगा और ना ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

3– कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर नहीं लिखेगा और न ही प्रकाशित करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

4– कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा, जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो।

5– कोई भी व्यक्ति अधवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा तथा न ही किसी के पुतला दहन आदि कर व्यक्ति की मर्यादा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

6– कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर तथा घरों ध् दुकानों आदि भवनों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोडे, कांच की बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं और ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा और ना ही करायेगा।

7–कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों परीक्षा स्थल और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकू तलवार, भाला अथवा आग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल आदि तथा ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब आदि लेकर नहीं जायेगा और ना ही अपने पास रखेगा। यह प्रतिबन्ध डयूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा, अपाहिज या नेत्रहीन अपने सहारे के लिये छड़ी तथा सिक्ख धर्म के अनुयायी म्यान में कृपाण रख सकते हैं।

8– कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध धार्मिक कार्यों के लिए परम्परागत रूप से शादी बारात, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि में होने वाली प्रार्थना सभा पर लागू नहीं होगा।

9– संघ लोक सेवा आयोगध्लोक सेवा आयोग की परीक्षायें निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी।




10– कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान के आस–पास किसी भी धमाकेदार आतिशबाजी या हवा में उड़कर आयाज करने वाली किसी आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगा और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेगा एवं कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी से अनुमतिध्लाइसेंस प्राप्त किये बिना कोई भी विस्फोटक पदार्थध्आतिशबाजीध्पटाखा आदि का ना निर्माण करेगा, ना भण्डारण करेगा, ना बेचेगा और ना ही किसी प्रकार का आदान–प्रदान ध् परिवहन आदि करेगा।

11– कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन हेतु किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और ना ही ऐसे समूह में शामिल होगा। साथ ही इसके स्टेशन सिविल लाइन की तरफ तथा शमशाद मार्केट व जमालपुर क्षेत्र के आस–पास एवं रेलवे रोड व मालगोदान के आस–पास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह रात्रि के समय अनावश्यक रूप से न पाया जायें। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा।

12– कोई भी व्यक्ति शराब या अन्य किसी मादक पदार्थ का सेवन कर उदण्डता नहीं करेगा और न नशे की हालत में सड़क या सार्वजनिक स्थल पर धूमेगा।

13– कोई भी व्यक्ति अपने यहां अपराधी प्रवृत्ति का किरायेदार नहीं रखेगा और यदि किसी विदेशी नागरिक को किरायेदार के रूप में रखेगा तो उसकी सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को अनिवार्य रूप से देगा। किरायेदार से लिखित एग्रीमेन्ट किरायेदारी अधिनियम के तहत करेगा।

14– कोई भी व्यक्ति विभिन्न धर्मों, जातियों एवं सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की धार्मिक अथवा जातीय भावनाओं को नहीं भड़कायेगा और न ही मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या पूजा के अन्य स्थानों का प्रयोग भड़काऊ भाषणों हेतु करेगा।

15– कोई भी व्यक्ति न तो ऐसे क्रियाकलाप करेगा और ना ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा जो विभिन्न जाति, धर्म, भाषा के मतावलम्बियों के बीच पहले से विद्यमान तनाव एवं ईर्षा को और भड़काने का कार्य करें।

चूंकि यह मामला विशेष आपातिक परिस्थितियों का है और इतना समय नहीं है कि इस आदेश की सभी सम्बन्धितों पर व्यक्तिगत तामील करायी जा सके। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। धारा–163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अनतर्गत यह आदेश 13.09.2024 से अलीगढ़ महानगर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 03.11.2024 तक लागू रहेगी, यदि इसे पूर्व निरस्त न कर दिया जाये।

# थाना गोंडा क्षेत्र अंतर्गत गोवंश के कटान की सूचना पर पहुंचे गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता

## थाना गोंडा तहसील इगलास जिला अलीगढ़ नगला बिरकू गौ वंश को काटा गया



थाना गोंडा तहसील इगलास जिला अलीगढ़ नगला बिरकू गौ वंश को काटा गया सूचना मिलने पर राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप महाकाल, प्रदेश अध्यक्ष ललेश उपाध्याय, निजी सचिव मोंटी शर्मा मौके पर पहुंचेकल रात 12 बजे कुछ गैर समुदाय के लोगों ने गोवंशों को काट उसका मीट ले गए ।

और कुछ अवशेष वहीं पर छोड़कर भाग गए। सुबह करीब 5रू00 कुछ किसान भाइयों ने बताया की वहां पर कटे हुए कुछ गोवंश के अवशेष पड़े हैं। तभी कुछ समय बाद राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप महाकाल के द्वारा गोंडा थाने में सूचना दी तभी पुलिस टीम के द्वारा डॉक्टर को बुलाकर वहां पर जो अवशेष पड़े थे सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

प्रदीप महाकाल जी जी का कहना है कि अगर तीन से चार दिन में गिरफ्तारी नहीं की गई तो सभी को रक्षा दल के कार्य करता आंदोलन करेंगे गौ हत्या बंद होनी चाहिए सभी पर कठोर कार्रवाई,होनी चाहिए उनके साथ में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ललेश उपाध्याय, राष्ट्रीय अध्यक्ष निजी सचिव मोंटी शर्मा जी, हाथरस जिलाध्यक्ष जीतू भाई, खैर विधानसभा से धर्मा भाई, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दीवार में आया करंट, पास में खेल रहा मासूम आया चपेट में, हुई दर्दनाक मौत



दक्ष घर में पक्की दीवार के पास खेल रहा था। उस दीवार में बिजली का करंट आ गया। बिजली का करंट लगने से मासूम दक्ष की मौत हो गई। दक्ष को मृत अवस्था में देख परिवार में चीख–पुकार मच गई।लगातार हो रही बारिश से मकान की दीवार में नमी बढ़ गई। दीवार में अचानक करंट आ गया। दीवार के पास खेल रहे मासूम को करंट को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार में मातम छा गया। गंगीरी के गांव रतरोई निवासी रजनेश कुमार का 6 वर्षीय बेटा दक्ष कुमार 14 सितंबर की सुबह घर में पक्की दीवार के पास खेल रहा था। उस दीवार में बिजली का करंट आ गया। बिजली का करंट लगने से मासूम दक्ष की मौत हो गई। दक्ष को मृत अवस्था में देख परिवार में चीख–पुकार मच गई। मृतक दक्ष छोटी बहन, मां–बाप को रोते–बिलखते छोड़ गया। मासूम दक्ष का गांव में ही अतिम संस्कार कर दिया गया।

### मनुष्य ही रख सकता है संयम इसलिए सभी जीवो में श्रेष्ठ–मुनि अनुकरण सागर




संयम की जीवन का श्रृंगार है मनुष्य ही संयम धारण कर सकता है यदि इसलिए समस्त जीवों में वह श्रेष्ठ है जिसके जीवन में संयम नहीं उसका जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी जैसा है दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म पर मुनि अनुकरण सागर महाराज ने उदगार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि संयम बिना प्राणी अधूरा है जीवन रूपी नदी के लिए संयम धर्म का पालन करना जरूरी है संयम को हम बंधन कह सकते हैं लेकिन यह बंधन सांसारिक प्राणी के दिए दुखदाई नहीं वरन दुरूखों से छुटकारा दिलाने वाला है। नदी बहती है पर तटों का होना जरूरी है यदि नदी बिना तटों के बहती है तो वह अपने लक्ष्य से भटकर सागर तक नहीं पहुंच पाती है और सुख जाती है। इस प्रकार जीवन में नियंत्रण जरूरी है अश्व को लगाम, हाथी को अंकुश, ऊंट को नुकील और वाहन के लिए ब्रेक जरूरी है। ब्रेक है तो सुरक्षा है नहीं तो दुर्घटना होना पक्का है। उसे पूर्व प्रातरू श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट मंदिर में श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन सांगानेर से पधारे आचार्य संस्कार शास्त्री की निर्देशन में संपन्न हुई।

दोपहर को धूप दसवीं के पर्व पर मंदिरों मे चंदन, लौंग की धूप श्रीजी के सन्मुख एवं अग्नि को अर्पित करके धूप खेवन पर्व मनाया। शाम को आरती, प्रवचन एवं मुनि श्री अनुकरण सागर महाराज के 40 में अवतरण दिवस पर उनके जीवन पर मुनि सेवा समिति द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा नाटक मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में कोल विधायक अनिल पाराशर जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।समिति द्वारा अतिथियों का माला शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशुल जैन ,राजीव जैन ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार जैन, मंत्री विजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन संयोजक ज्ञानेंद्र कुमार जैन मीडिया प्रभारी मयंक जैन, रविंद्र जैन, मुनेश जैन, सत्यम जैन, प्रशांत जैन, कुणाल जैन राजा जैन उप. स्थित रहे।

### गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव के अंतर्गत संगीतिका के कलाकारों की धूम

15 सितम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे से भजनों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता एवं सांय 7 बजे राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन होगा

श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव के अंतर्गत श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय क्रीडा स्थल, जीटी रोड पर शनिवार सांय संगी. तिका नृत्य कलाकेंद्र के कलाकारों द्वारा निर्देशक मीनाक्षी नागपाल के निर्देशन मे भक्ति की ऐसी गंगा बहाई की कि जिसमे भक्त देर रात्रि तक गजानन की भक्ति मे सराबोर होते रहे ।श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर आयोजित होने वाले इस श्री गणेश पूजा महोत्सव मे गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।गजानना गजानना समूह गान के रूप मे भानु प्रताप ,दामिनी चौधरी ,आयुष श्रीवास्तव , मुस्कान , अशरफ , कीर्ति आदि ने गणेश स्तुति की । कंचन सिंह , तान्या सिंह के युगल नृत्य पर राधा कृष्ण , सीता राम , शिव पार्वती की भक्ति मे भक्त डूब गये । सुक्ति , शिवन्या , परिणीति , रक्षा , दिव्या आदि बाल कलाकारों ने श्री गणेश की स्तुति अलग ही अंदाज मे की ।



कलाकारों ने दुर्गा स्तुति मे नवदुर्गा का वर्णन कर सभी को मातारानी की भक्ति मे सराबोर कर दिया । महिशासुर संहार की अद्वितीय प्रस्तुति के उपरान्त चले डांडिया रास मे सेवा समिति के पदाधिकारी झूमते रहे । इस अवसर पर सफल मंच संचालन चारु राज अरोरा ने किया ।संगीतिका की निर्देशिका मीनाक्षी नागपाल के भजन एक मीरा एक राधा दौनों ने कृष्ण को चाहा , अंतर क्या दौनों की चाह मे बोलो पर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये ।श्री गणेश महोत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर हीरालाल बा. रहसैनी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना वार्ष्णेय , वीरेंद्र गुप्ता डिब्बा वाले

सुधीर वार्ष्णेय सहापयु , कुलसुमन गोयल , राजीव ज्वेलर्स , नवीन मामा , गोपाल वार्ष्णेय अचार , पंकज गुप्ता दीपिका , राजेश भगत जी , अनिल वार्ष्णेय सासनी , विनोद पी एल , मुकेश पंडित , मनीष वार्ष्णेय एस बी डी, विवेक वार्ष्णेय , हरी बाबू गुप्ता आदि ने सर्व प्रथम पूजन कर श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सर्राफ , महामंत्री मनोज वार्ष्णेय खलीफा,कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता पलक एवं मुख्य कार्यक्रम प्रभारी गौरव वार्ष्णेय पीतल, मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , संजय कुमार वार्ष्णेय , अमित किताब , श्रीमती दर्शन गुप्ता , अजय राज लिथो , अश्विनी वार्ष्णेय , हीरेंद्र अग्रवाल , विष्णु हरि गुप्ता , नीटू शर्मा , घनेन्द्र वार्ष्णेय विजय गुप्ता साई , सुनील मित्तल , तरुण वार्ष्णेय ,अरुण वार्ष्णेय ,तनुराग वार्ष्णेय , प्रवीण टप्पल , डा भुवनेश कुमार , विष्णु गुप्ता , अनुराग वार्ष्णेय , शिब्बू वार्ष्णेय ,सचिन वार्ष्णेय , विशाल वार्ष्णेय ,सौरभ सैनी , अभिनव गुप्ता , देवेंद्र गुप्ता मोनू , नकुल गुप्ता , विकास गुप्ता, पुनीत गुप्ता , प्रमोद टोनी टोन , शिवम शर्मा , नितिन राजनी , पुनीत फ्लेक्स , योगेश गुप्ता सोनू , विशाल वार्ष्णेय सर्राफ , रोहित वार्ष्णेय पीतल , जातिन वार्ष्णेय ,आकाश वार्ष्णेय भैया , निशा वार्ष्णेय , रचना अमित सर्राफ , वंदना वार्ष्णेय मेंटल , सीमा बालाजी , कल्पना लिथो , तृप्ति गुप्ता , शुभी वार्ष्णेय , सरिता साई , सी ए पल्लवी गुप्ता , इंजी नेहा वार्ष्णेय , मिश्री गुप्ता ,सोनी वार्ष्णेय , शिवा वार्ष्णेय अलका वार्ष्णेय गोल्डन लीफ आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया ।इस अवसर पर चली खाटू श्याम जी की भजन संध्या मे भक्त दर रात्रितक खाटूश्याम जी की भजनसंध्या मे भक्त दर रात्रि तकखाटूश्याम की भक्ति मे डूबे रहे

## खैर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ऐदलपुर हल्का पर तैनात लेखपाल सोरन सिंह 15000 रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

खैर तहसील क्षेत्र के एदलपुर हल्का पर तैनात लेखपाल सोरन सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में तहसील स्थित कार्यालय से हिरासत में ले लिया गया। टीम लेखपाल को पहले लोधा थाने लेकर पहुंची, जहां आरोपी से पूछताछ हुई और बाद में उसे मेरठ स्थित मुख्यालय ले गई है।अलीगढ़ जिले में एंटी करप्शन की टीम सक्रिय है। शिकायत पर कार्रवाई हो रही है। कोल व इगलास में रिश्वतखोर लेखपाल पहले पकड़े जा चुके हैं, इसके बाद भी इनकी घूसखोरी रुक नहीं रही है। इस क्रम में 13 सितंबर को खैर तहसील क्षेत्र के एदलपुर हल्का पर तैनात लेखपाल सोरन सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में तहसील स्थित कार्यालय से हिरासत में ले लिया गया।

टीम लेखपाल को पहले लोधा थाने लेकर पहुंची, जहां आरोपी से पूछताछ हुई और बाद में उसे मेरठ स्थित मुख्यालय ले गई है। जहां उसे 14 सितंबर को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिश्वत लेने के मामले में लेखपाल की गिरफ्तारी से तहसील में खलबली मच गई। तहसील खैर के एदलपुर हल्का पर तैनात लेखपाल सोरन सिंह द्वारा गांव के ही किसान बंगाली से ग्राम सभा की जमीन की सही रिपोर्ट लगाने के मामले में लगातार 20 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। किसान ने इस मामले में रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। टीम ने अपना जाल बिछाकर लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई।

पीड़ित किसान को पारदर्शी पाउडर लगे 15 हजार रुपये देकर लेखपाल को देने के लिए भेजा। जैसे ही लेखपाल ने किसान से रुपये लेकर हाथ में पकड़े तभी टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों दबोच लिया। एंटी करप्शन टीम आरोपी लेखपाल को पहले लोधा थाने लेकर पहुंची। जहां उससे कई घंटे तक कड़ी पूछताछ की गई। इसके बाद लेखपाल पर रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। टीम उसे सीधे मेरठ स्थित कार्यालय ले गई। एसडीएम खैर महिमा ने बताया कि एक लेखपाल को एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े जाने जानकारी मिली है।

## उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज के आयोजन 20 सितम्बर को होगा सम्पन्न



### राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज में भाग लेगे नागरिक सूरक्षा कोर के जवान

अलीगढ । अपर जिलाधिकारी वित्त एवम् राजस्व श्रीमती मीनू राना महोदया के आदेशानुसार एवम् उप नियंत्रक महोदय श्री मुनेश कुमार गुप्ता एवम् वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक संगीता त्रिपाठी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधान प्राधिकरण द्वारा भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज के आयोजन ६ संचालन कराए जाने के संबंध में लखानऊ के पत्र दिनांक 3.9.2024 के क्रम में दिनांक 20 .9. 2024 को प्रस्. तावित भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कराए जाने हेतु आवश्यक तैयारी की दृष्टि गत दिनांक= 13.9.2024 को मध्यान्ह 12रू00 बजे कार्यालय कलेक्ट अलीगढ़ कक्ष संख्या 01 में बैठक आहूत की गई जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उप. स्थित रहे ( 1) पुलिस अधीक्षक (नगर) (२) उप जिला अधिकारी कोल ( 3) मुख्य अग्नि शमन अधिकारी (4) जिला विद्यालय निरीक्षक (5) डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड ( 6 )प्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा कोर जनपद अलीगढ़ आदिं।







## वीरांगनाओं ने विशाल भंडारा कर मनाया गणेश उत्सव

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ की वीरांगना इकाई ने जिला अध्यक्ष ममता सिंह के दिशा निर्देशन में महानगर उपाध्यक्ष ब्रजेश्वरी सिंह के नेतृत्व में क्वार्सी कृषि फार्म स्थित शिव मंदिर में भजन गाए और विशाल भंडारा कर धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया।

ममता सिंह ने कहा कि भगवान श्री गणेश सभी को सुख, समृद्धि, ज्ञान , बुद्धि और शांति के साथ शक्ति प्रदान करें। ब्रजेश्वरी सिंह ने कहा गणेश उत्सव प्रत्येक वर्ष ऐसे ही मनाया जाता है।चंद्रकांता सिंह ने जय जय गणेश भजन गा कर सभी को भक्तिमय कर दिया। पूनम सिंह और रंजना सेंगर ने शानदार ढोलक बजाई और बहुत ही सुंदर भजन गाए।

महानगर अध्यक्ष पूजा सेंगर ने प्रसाद वितरण करवाया। ममता मदनावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। श्रृष्टि सेंगर, अर्पिता सिंह, नीतू पुंढीर, सरोज सिंह, अर्चना सिंह, मंजू सिंह, मीनू सिंह, कमलेश सिंह, राधा सिंह, चंचल सिंहआदि उपस्थित रहीं। विशेष सहयोग अरुण प्रताप सिंहका रहा। साथ ही नैम. सिंह सोलंकी, आशीष सिंह, प्रज्वल सोलंकी, नीतेश राघव भी उपस्थित रहे।